Date	Edition	Publication	Page no.
27th August 2014	Lucknow	Roz ki khaberin	02

इंडिया इलेक्ट्स-14 का हुआ विमोचन

लखनऊ। 2014 के चुनावी आंकड़ों पर एक पुस्तक इंडिया इलेक्ट्स-14 का विमाचन किया गया। इस पुस्तक में आंकड़े दर्शाते हैं कि कैसे बीजेपी-एनडीए ने-14 में अपने वोट शेयर को आईएनसी-यूपीए के 2009 के वोट शेयर की तुलना में बढ़ाया। तथा बीजेपी-एनडीए के पक्ष में स्विंग अल्पसंख्यकों के बीच एक नई घटना है। भारत का अग्रणी पोर्टल, जो चनाव सबंधी जानकारियों और विश्लेषण का प्रसार कर रहा है, ने आज कान्स्टीट्यूशन क्लब में अपनी पुस्तक इंडिया इलेक्ट्स-2014, भारत के आम चुनाव- 2009-2014 के नतीजों का तुलनात्मक विश्लेषण, का विमोचन किया। प्रसिद्ध चुनाव विश्लेशक, डॉ प्रणय रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष, एनडीटीवी लि. द्वारा इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखी गई है और डॉ आर के ठुकराल, निदेशक, डाटानेट इंडिया प्रा. लि. ने इसकी भूमिका लिखी है। प्रस्तावना में बताया गया है कि भारत के पास दुनिया की सबसे उन्नत इलेक्ट्रोनिक मतदान प्रणाली है, साथ ही यह अफसोस भी जताया गया है कि अभी तक इसके चुनावों पर बहुत कम मौलिक अनुसंधान हुआ है।